





# भारत व हिंदू की पहचान एक-दूसरे से अविभाज्य : धनराज

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 28 दिसंबर।** संगठित हिंदू समाज ही समर्थ भारत की नींव है। हिंदुत्व कोई पूजा पद्धति या जाति

**हिंदू सम्मेलन में सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन पर हुआ विचार मंथन**

नहीं, बल्कि एक जीवन पद्धति है, जिसका मूल सूत्र सर्वे भवन्तु सुखिन: और वसुधैव कुटुम्बकम है। यदि भारत शरीर है तो हिंदू उसकी आत्मा है। हिंदू और भारत की पहचान एक-दूसरे से अविभाज्य है, यह परंपरा सनातन काल से चली आ रही है।

यह बात मुख्य वक्ता आरएसएस के विभाग प्रचारक धनराज उपाध्याय ने सुभाष बस्ती में आयोजित हुए हिंदू सम्मेलन में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कही। इस सम्मेलन का आयोजन शहर के सुभाष नगर क्षेत्र में सरस्वती शिशु मंदिर परिसर स्थित ब्रह्म विद्यालय में 28 दिसंबर को हुआ। सम्मेलन में वक्ताओं ने समाज, संस्कृति, पर्यावरण और राष्ट्र निर्माण से संबंधित विषयों पर विचार प्रस्तुत किए। इस सम्मेलन का उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित कर समरस, स्वाभिमानी और कर्तव्यनिष्ठ भारत के निर्माण की दिशा में प्रेरित करना रहा। धनराज उपाध्याय ने वेदव्यास और तुलसीदास के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि परहित से बड़ा कोई धर्म नहीं और पीड़ा से बड़ा कोई पाप नहीं। उन्होंने कहा कि हिमालय से हिंद महासागर तक रहने वाले सभी लोग हिंदू हैं।

### भोजन के समय मोबाइल के बजाय होनी चाहिए परिवारिक चर्चा

सामाजिक समरसता विषय को लेकर वक्ता क्षमा कौशिक ने कहा कि पनघट और मरघट ऐसे स्थान है, जहां सभी प्रकार के भेद समाप्त हो जाते है। कुटुंब प्रबोधन और संस्कार के मुद्दे पर श्रीमती क्षमा कौशिक ने कहा कि प्रत्येक घर में स्वास्तिक के प्रतीक, तुलसी का पौधा, स्वदेशी परिधान तथा मातृभाषा में संवाद होना चाहिए। भोजन के समय मोबाइल के बजाय परिवारिक चर्चा होनी चाहिए। परिवार के साथ आसपास के स्थलों का भ्रमण, निरंतर संवाद और प्रात :काल धरती माता के चरण स्पर्श जैसे संस्कार जीवन में अपनाने चाहिए। कार्यक्रम का संचालन हरेन्द्र परमार ने किया। वंदे मातरम का गायन प्रशांत शर्मा और आभार प्रदर्शन सुभाष बस्ती प्रमुख भोजराज सिंह तोमर ने किया।

# लोहे की रॉड घुसाकर युवक की हत्या करने वाले 3 गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/जौरा, 28 दिसंबर।** सरकारी प्लॉट खरीदने को लेकर विवाद में एक युवक को घेरकर बोलेरो से टक्कर मारने, लाठी-डंडों से पीटकर और पेट में लोहे की

**जौरा में अलापुर नहर के पास 17 आरोपियों ने किया था हमला**

रॉड घुसेड़कर हत्या करने वाले 17 में से तीन आरोपियों को जौरा पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार प्लॉट के पुराने विवाद को लेकर 26 दिसंबर को अलापुर-धमकन मार्ग पर नामजद 17 लोगों ने टिंकू गुर्जर, रानू उर्फ रविंद्र गुर्जर के ऊपर घेरकर हमला किया था।

इस हमले में रानू उर्फ रविंद्र गुर्जर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। वहीं टिंकू गुर्जर की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। पुलिस ने इस हत्याकांड में नामजद 17 आरोपियों में से तीन अनुज जादौन, राजवीर सिंह गुर्जर, ध्रुव गुर्जर को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।



# संजीवनी हॉस्पीटल में भाजपा पदाधिकारियों का हुआ स्वागत

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 28 दिसंबर।** संजीवनी हॉस्पिटल के संचालक डॉ योगेंद्र यादव के अंबाह रोड स्थित निवास पर गंगा परिवार के सभी पदाधिकारियों ने भाजपा की नवीन कार्यकारिणी का शॉल-श्रीफल से स्वागत-सम्मान किया।

इस अवसर पर क्षेत्रीय सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, पूर्व सांसद अशोक अर्गल, जिलाध्यक्ष कमलेश कुशवाह, पूर्वमंत्री गिर्राज डंडौतिया, महापौर शारदा सोलंकी, केदार सिंह बाबूजी, महामंत्री सोनू परमार, महेंद्र यादव, राजीव कंषाना, सुनील जाटव, जिनेश जैन, गंगा परिवार के संयोजक दीवान सिंह, डॉ. मानसिंह राजपूत, अशोक यादव सहित सहित दो दर्जन से अधिक पदाधिकारी मौजूद रहे।

इस मौके पर भाजपा पदाधिकारियों को डॉ. योगेंद्र यादव ने बताया कि संजीवनी हॉस्पिटल मे अब ईएसआई कार्ड, कर्मचारी राज्य बीमा कार्ड धारकों के लिए भी नि:शुल्क इलाज व विभिन्न प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।

### भव्य श्याम संकीर्तन, महाप्रसादी वितरण 2 एवं 3 को

**मुरैना/जौरा, 28 दिसंबर।** कस्बे के श्याम भक्तजनों द्वारा इस बार गोवर्धन में 10वां वार्षिक धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में 2 जनवरी की शाम को श्री श्याम संकीर्तन होगा। इस संकीर्तन में भजनों की प्रस्तुति देने के लिए मथुरा-वृंदावन के प्रसिध्द भजन कलाकार मुकुट बिहारी कौशिक, भारती चतुर्वेदी, राहुल ब्रजवासी, ब्रजकला संगम, बबलू गोस्वामी को आमंत्रित किया गया है। वहीं 3 जनवरी की सुबह महाप्रसादी वितरण होगा। यह धार्मिक आयोजन कोकिला वन आश्रम के पास मुखिया गार्डन में होगा।

# हत्या की कोशिश के केस में फरार कोमल गिरफ्तार, निकाला जुलूस

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 28 दिसंबर।** विगत 29 जून 2025 को न्यू बस स्टैंड के पास रामबरन कुशवाह की मारपीट और पत्थर पटक-

**29 जून को न्यू बस स्टैंड के पास हुई थी घटना, वीडियो हुआ था वायरल**

पटककर हत्या की कोशिश किए जाने के केस में नामजद मुख्य आरोपी कोमल सिंह महाना को सिटी कोतवाली पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। हत्या की कोशिश के इस मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल भी हुआ था।



कोतवाली पुलिस ने बताया कि रामबरन कुशवाह की मारपीट और हत्या की कोशिश को लेकर सिटी कोतवाली थाने में धारा-109, 115 (2), 351 (2), 296, 3 (5) के तहत दर्ज अपराध क्रं. 383/25 में मुख्य आरोपी कोमल सिंह पुत्र गंधर्व सिंह महाना निवासी सिंगौरा जौरा विगत छह माह से फरार बना हुआ था।

28 दिसंबर को मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस टीम ने न्यू बस स्टैंड के पास से आरोपी कोमल सिंह महाना को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में नामजद 4 अन्य आरोपियों को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह भदौरिया, एसआई अतुल सिंह परिहार, प्र.आर. शिवप्रताप, अनिल दोहरे, आरक्षक सत्यम शर्मा, श्यामबिहारी, अशोक गुर्जर शामिल थे।

### आरोपी को घटनास्थल ले गई पुलिस

बैरियर क्षेत्र में हुई घटना का वीडियो वायरल होने के बाद सनसनी फैल गई थी। रविवार को मुख्य आरोपी कोमल को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस उसका जुलूस निकालते हुए घटनास्थल पर लेकर पहुंचीं।

# शैक्षिक संवाद से रोचक व प्रभावी होता है अध्यापन कार्य

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/कैलारस, 28 दिसंबर।** शैक्षिक संवाद कार्यक्रम से शिक्षकों के ज्ञान में वृद्धि होती है, जिससे वे रोचक और प्रभावी

**सैमई, कुटरावली, सुजरमा, गौल्हारी, कैलारस में शैक्षिक संवाद कार्यक्रम आयोजित**

अध्यापन कर सकते है। इस प्रकार के कार्यक्रमों से शिक्षकों को बहुत कुछ सीखने को मिलता है।



यह बात बीएसी फखरुद्दीन खान ने कही। श्री खान, सुजरमा गांव स्थित शासकीय विद्यालय में शैक्षिक संवाद कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में बीएसी केशव शुक्ला ने कहा कि शिक्षक इन कार्यक्रमों से जो सीख कर जाएं, उसे बच्चों तक अवश्य पहुंचाएं।

शैक्षिक संवाद कार्यक्रमों का आयोजन 27 दिसंबर को जनपद शिक्षा केन्द्र कैलारस के अंतर्गत जन शिक्षा केन्द्र सैमई, कुटरावली, सुजरमा, गौल्हारी, बालक एवं कन्या उमावि कैलारस में हुआ। इन कार्यक्रमों के लिए डाइट की ओर से प्रभारी नियुक्त किए गए थे। जिसके तहत बीएसी फखरुद्दीन खान को सैमई, बीएसी केशव शुक्ला को सुजरमा, बीआरसीसी मुकेश शर्मा को बालक उमावि कैलारस, संजय शिवहरे को कन्या उमावि कैलारस, जेएसके कुटरावली में प्रमोद शर्मा, जेएसके गौल्हारी में अरविंन्द शर्मा बतौर प्रभारी शैक्षिक संवाद कार्यक्रमों में उपस्थित रहे। उनके द्वारा इन कार्यक्रमों का अवलोकन कर विस्तार से संवाद किया गया। इन कार्यक्रमों में जनशिक्षक विशेष रूप से उपस्थित थे।

# राघवेन्द्र अभिभाषक संघ पोरसा के अध्यक्ष निर्विरोध चुने गए

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/पोरसा, 28 दिसंबर।** अभिभाषक संघ पोरसा की निर्वाचन प्रक्रिया 28 दिसंबर को संपन्न हुई। निर्वाचन अधिकारी रामनरेश कटारे, जंडेल सिंह तोमर की मौजूदगी में संपन्न हुई प्रक्रिया में राघवेन्द्र सिंह भदौरिया को अध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुना गया।

रविवार को संपन्न हुई निर्वाचन प्रक्रिया में अभिभाषक संघ के अध्यक्ष सहित उपाध्यक्ष, सचिव, सह सचिव, कोषाध्यक्ष, ग्रंथपाल के लिए एकल नामांकन प्रस्तुत किए गए। जिस पर से निर्वाचन अधिकारियों ने अध्यक्ष सहित सभी पदों पर प्राप्त हुए उम्मीदवारों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। जिनमें राघवेन्द्र सिंह भदौरिया-अध्यक्ष, मयंक सिंह तोमर-उपाध्यक्ष, शैलेश सिंह तोमर-सचिव, पंकज शर्मा-सह सचिव, अरुण सिंह तोमर को कोषाध्यक्ष एवं ज्ञानेन्द्र सिंह तोमर को ग्रंथपाल के पद पर निर्वाचित घोषित किया गया है।

### सांदीपनि स्कूल में मिलेगी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा


मुरैना/जौरा, 28 दिसंबर। सांदीपनि स्कूल बिलगांव में सृजन कार्यक्रम हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता सत्येंद्र सिंह सिकरवार ने कहा कि निश्चित रूप से सामने अपनी विद्यालय खुलवाकर सरकार ने ग्रामीण क्षेत्र में बहुत अच्छी पहल की है। जिसका लाभ ग्रामीण क्षेत्र के बालक-बालिकाओं को भी मिल रहा है। स्कूल में शिक्षा का स्तर भी बेहतरीन है। बालक बालिकाओं को उच्च स्तर की पढ़ाई के साथ व्यवस्थाएं भी सांदीपनि विद्यालय में मिल रही हैं। स्कूल में शत-प्रतिशत उपस्थिति वाले छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया।

## एक नजर में



### जौरा में दो दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**मुरैना/जौरा, 28 दिसंबर।** मनकामेश्वर मंदिर न्यास जौरा एवं भारतीय योग संस्थान के ग्वालियर के संयुक्त तत्वाधान में चल रहे दो दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का रविवार को मनकामेश्वर मंदिर हॉल में समापन हुआ। भारतीय योग संस्थान के प्रांतीय प्रधान लक्ष्मण सिंह परिहार के निर्देशन में दिनेश शर्मा, एसपी शर्मा, राजेंद्र बोजेवर ने आसन-प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया। राजेंद्र बोजेवर ने भजन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में ब्रह्मकुमारी विवि की आकांक्षा दीदी ने सारगर्भित उद्बोधन में ध्यान, योग और राज मेडिटेशन के बारे में बताया। अंत में डॉ. विशन गर्ग, संजीव सिंहल, विजय बंसल, दयानंद वर्मा ने सभी योग शिक्षकों का शॉल-श्रीफल से सम्मान किया। कार्यक्रम का समापन प्रार्थना, शांति पाठ प्रसाद वितरण के साथ हुआ।



### जल संरक्षण नहीं किया तो सूखे से खत्म हो जाएगा जीवन

**मुरैना, 28 दिसंबर।** मप्र जन अभियान परिषद द्वारा जल संरक्षण पर एक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नवांकुर संस्था विधीचंद्र शिक्षा समिति अंबाह द्वारा ग्राम पंचायत सुनावली के पलना गांव ग्रामीणों की बैठक बुलाई गई। इस बैठक में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सारसी से अध्यक्ष नवीन सिंह तोमर, तरैनी से गौरव सिंह तोमर, पवन सिंह, कपूर सिंह तोमर ने कहा जल संचय का मतलब पानी को एकत्रित करना होता है। बारिश का जल एकत्रित करना, भूमिगत जल रीचार्ज करना, पानी रोकना आदि काम मनुष्य की नैतिक जिम्मेदारी है। हम जितना पानी बचाएंगे, भूगर्भ में पहुंचाएंगे, उतना ही लंबा जीवन जी सकेंगे। सभी वक्ताओं ने जल संरक्षण को लेकर अपने विचार रखे। नरेंद्र कुमार ओझा ने डॉक्यूमेंट के बारे में बताया। अंत में निधि तोमर अध्यक्ष ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति ने सबका आभार व्यक्त किया।

# फोन कर बुलाने के बाद मुंह में चाकू मारा, ग्वालियर रैफर

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 28 दिसंबर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में रुपयों के लेनदेन को लेकर एक युवक को आरोपियों को पहले तो फोन कर

**सिविल लाईन थाना क्षेत्र के लश्करी का पुरा का मामला**

सुनसान खेत पर बुलाया, उसके बाद उसके मुंह में चाकू मार दिया। युवक को गंभीर हालत में ग्वालियर रैफर किया गया है।



जानकारी के अनुसार परशुराम भारती पुत्र खूबचंद निवासी पीपरीपुरा का कुछ लोगों से रुपयों के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था। परशुराम भारती के परिजन ने बताया कि परशुराम को बीती शाम कुछ लोगों ने फोन करके कहा कि लश्करीपुरा के खेत पर आ जाओ। परशुराम भारती जब खेत पर पहुंचा तो अज्ञात आरोपियों ने उसे घेरकर मुंह पर चाकुओं से वार कर दिए, जिससे वह बुरी तरह जख्मी हो गया। हमले की सूचना पर सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे गंभीर हालत में ग्वालियर रैफर किया गया है। सिविल लाइन पुलिस का कहना है कि आरोपियों की पहचान कर ली गई है, उनकी धरपकड़ के लिए दविश दे रहे हैं।

# नपा ने कराई मुनादी हटाएं अतिक्रमण, नहीं तो कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/बानमोर, 28 दिसंबर।** कस्बे और नेशनल हाईवे पर अतिक्रमण हटाने के अभियान को तेजी देने से पूर्व नगरपरिषद ने रविवार को कस्बे के मुख्य बाजारों में मुनादी कराई। जिसमें कहा गया है कि दुकानदार नाले-नालियों के ऊपर से तथा नेशनल हाईवे की सर्विस रोड से अपना अतिक्रमण खुद ही हटा लें अन्यथा प्रशासन और नगर परिषद की टीम के नेतृत्व में मदाखलत दस्ता आपके सामान को जब्त कर लेगी। यहां बता दें कि नगर परिषद लगातार अतिक्रमण हटाने को लेकर दुकानदारों, हाथठेले वालों को हिदायत दे रही है लेकिन वे इसे अनसुना कर रहे हैं। रात के समय खुली हुई नजर आने वाली सड़क सुबह होते ही अतिक्रमण से घिरी दिखाई देती हैं।

दुकानदार अपने निर्धारित जगह से बाहर तक सामान को फैला देते है। जिससे 35 फुट की रोड सिकुड़कर मात्र 5 फुट की रह जाती है। कस्बे की सिंधिया मार्केट, भैरव मार्केट, सदर बाजार, स्टेशन रोड, न्यू मार्केट के मुख्य बाजारों में दुकानों के बाहर फैला हुआ सामान आसानी से नजर आ जाएगा। दुकानों के आगे ग्राहक भी अपने वाहनों को खड़ा कर देते हैं, जिससे स्थिति और भी अधिक खराब हो जाती है।



### वरिष्ठ समाजसेवी भगवानलाल धाकड़ का निधन

**रामपुरकलां, 28 दिसंबर।** क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी, दो बार सहकारिता अध्यक्ष और पांच बार ग्राम पंचायत सदस्य रह चुके भगवान लाल धाकड़ का 90 साल की उम्र में निधन हो गया। वे लंबे समय से सामाजिक और पंचायत स्तर पर सक्रिय रहे तथा क्षेत्र के विकास में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# स्कूली छात्राओं को दिए मेकअप-स्किन केयर के टिप्स

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/जौरा, 28 दिसंबर।** शासकीय बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य शैलेन्द्र कुशवाह के मार्गदर्शन में छात्राओं के लिए नि:शुल्क

**जौरा के शासकीय कन्या विद्यालय की छात्राओं का नि :शुल्क प्रशिक्षण आयोजित**

मेकअप एवं ब्यूटी ट्रेनिंग का आयोजन कस्बा जौरा के एक ब्यूटी सैलून में किया गया।

इस प्रशिक्षण का उद्देश्य छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाना तथा उन्हें सौंदर्य एवं मेकअप के क्षेत्र में व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था। इस अवसर पर ब्यूटी सैलून की संचालक व प्रशिक्षक कृष्णा जादौन ने छात्राओं को बेसिक मेकअप, स्किन केयर, साफ-सफाई और सामान्य टिप्स सिखाए गए। प्रशिक्षण में छात्राओं ने उत्साह और रुचि के साथ भाग लिया। छात्राओं को प्रोत्साहित किया गया कि वे सीखी हुई जानकारी का सही और सकारात्मक उपयोग कर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ें। इस अवसर पर वोकेशनल शिक्षक आकांक्षा सिकरवार, छात्रा शिवानी रावत, गोलो रावत, रौनक शाक्य, शिवानी, सिमरन, करिश्मा, पलक आदि छात्रा मौजूद रहे।



# हाट बाजार में सजाईं जैविक शहद-गुड़, हल्दी की स्टॉल

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 28 दिसंबर।** शहर की कृषि उपज मंडी में जैविक,

**कृषि उपज मंडी में जैविक हाट बाजार का हुआ आयोजन**

प्राकृतिक हाट बाजार का आयोजन रविवार को किया गया। जिसमें जिलेभर से आए किसानों ने जैविक शहद, गुड़, हल्दी, आंवला के साथ जीवामृत जैसे प्राकृतिक उत्पादों की स्टॉल सजाई गई।

जैविक हाट में जिपं सदस्य केशव सिंह गुर्जर, कृषि उप संचालक अनंत बिहारी सड़ैया, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक कंषाना, इफ्को के जादौन, सहायक संचालक अशोक जायसवाल सहित 25 जैविक प्राकृतिक उत्पादक एवं किसान तथा संस्थाओं प्रतिनिधि, हाट बाजार में कृषि एवं आत्मा के विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। जैविक हाट बाजार में शामिल जैविक उत्पाद जैसे जैविक शहद, गुड़, हल्दी, आंवला, दाल, तेल, वर्मी कंपोस्ट, जीवामृत केंचुआ खाद, अमरुद विभिन्न प्रकार के 150 जैविक उत्पाद हाट बाजार में बिक्री के लिए उपलब्ध कराए गए थे।